# संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें

छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर

क्रमांक / स्था.अवि. /37/ 2025 / 210 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 28/03/2025

प्रति,

संचालक
संचालनालय जनसंपर्क
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छ.ग.

**विषयः–** **संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छ.ग. के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर भर्ती करने हेतु समाचार पत्र में विज्ञापन जारी करने के संबंध में।**

--0--

उपरोक्त विषयान्तर्गत छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक / एफ 1–82 / 2024 / सत्रह / एक, दिनांक 14.08.2024 से वित्त विभाग के जावक क्रमांक 501 / वित्त विभा / ब–3 / 2024, दिनांक 07.08.2024 द्वारा संभाग एवं जिला स्तरीय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कुल 650 पदों को सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु अनुमति प्राप्त है, इनमें स्टाफ नर्स, सायकेट्रिक नर्स, ओ.टी. टेक्नीशियन, डेंटल टेक्नीशियन, सहायक ग्रेड–03, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला, फार्मासिस्ट ग्रेड--2, ड्रेसर ग्रेड–01, वार्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया के पद सम्मिलित है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर का पत्र दिनांक 10.01.2025 द्वारा कैलेंडर वर्ष 2025 में आयोजित की जाने वाले परीक्षाओं में सूची में स्वास्थ्य विभाग से स्टाफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष / महिला, वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया के पदों का संभावित परीक्षा तिथि का उल्लेख किया गया है।

स्टाफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष / महिला, वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया पदों की एकजाई संक्षिप्त विज्ञापन का प्रारूप प्रमुख समाचार पत्र एवं क्षेत्रीय समाचार पत्र तथा रोजगार और नियोजन समाचार पत्र में प्रकाशित किये जाने हेतु आपकी ओर संलग्न प्रेषित है।

**संलग्न :–संक्षिप्त विज्ञापन का प्रारूप।**

संचालक
स्वास्थ्य सेवायें
छत्तीसगढ़

पृ.क्रमांक / स्था.अवि. / / 2025 / नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक / / 2025

प्रतिलिपिः–

नियंत्रक, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्ड़ल, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

संचालक
स्वास्थ्य सेवायें
छत्तीसगढ़



मास्क पहनें, 2 गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं

761

# संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
## छत्तीसगढ़
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर**

क्रमांक / स्था.अवि. / 37 / 2025 / 210 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 28-03-25

## संक्षिप्त विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक / एफ 1–82 / 2024 / सत्रह / एक, दिनांक 14.08.2024 से वित्त विभाग के जावक क्रमांक 501 / वित्त विभा / ब–3 / 2024, दिनांक 07.08.2024 द्वारा संभाग एवं जिला स्तरीय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कुल 525 पदों को सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु अनुमति प्राप्त है। उक्त पदों को सीधी भर्ती के लिये छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर अटल नगर, के वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.in पर आमंत्रित किये जायेंगे। परीक्षा संबंधित विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

| क्रं. | पदनाम | वेतनमान | श्रेणी | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टॉफ नर्स | लेवल–7 वेतन 5200–20200 | तृतीय | 225 |
| 2 | ग्रामीण स्वास्थ्य संयो. पुरूष | लेवल–5 वेतन 5200–20200 | तृतीय | 100 |
| 3 | ग्रामीण स्वास्थ्य संयो. महिला | लेवल–5 वेतन 5200–20200 | तृतीय | 100 |
| 4 | वार्ड ब्वॉय | लेवल--1 वेतन 4750–7440 | चतुर्थ | 50 |
| 5 | वार्ड आया | लेवल–1 वेतन 4750–7440 | चतुर्थ | 50 |

टीपः–
1. पदों से संबंधित नियम एवं शर्ते विस्तृत विज्ञापन में व्यापम के वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.inमें पृथक से अपलोड की जावेगी।
2. उपरोक्त नियुक्तियों एवं चयन प्रक्रियाओं में आरक्षण छत्तीसगढ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 13–1 / 2023 / आ.प्र. / 1–3 नवा रायपुर दिनांक 03.05.2023 में जारी निर्देशानुसार माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में दायर एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668 / 2022 अंतिम आदेश / निर्णय के अध्यधीन होंगी।
3. परीक्षा के नियम एवं शर्ते पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन की विधि, परीक्षा संचालन संबंधी निर्देश व्यापम के वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.in पर पृथक से अपलोड की जावेगी।
4. पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।

संचालक
स्वास्थ्य सेवायें
छत्तीसगढ़